# निजी कृषि भूमि पर साठगांठ कर बना दी सीसी रोड

**छपारा नवभारत। नगर परिषद छपारा के प्रशासनिक गलियारों और राजस्व विभाग में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक पीड़ित किसान ने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों पर मिलीभगत कर उसकी पैतृक निजी भूमि पर जबरन अवैध सीसी रोड निर्माण कराने और फर्जी सीमांकन करने के गंभीर आरोप लगाए। मामले की शिकायत पीड़ित द्वारा आर्थिक अपराध ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) जबलपुर, संभागायुक्त, नगरीय प्रशासन विभाग सहित जिला कलेक्टर सिवनी और तहसीलदार से की गई है, जिसकी पावती भी प्राप्त हो चुकी है।**

छपारा नगर परिषद पर गंभीर आरोप, पीड़ितों ने की आर्थिक अपराध ब्यूरो से शिकायत



शिकायतकर्ता अम्बर पाटर (पिता स्व. प्रकाश पाटर), निवासी आजाद वार्ड (कुम्हारी वार्ड) छपारा ने बताया कि ग्राम डुंगरिया छपारा (पटवारी हल्का नंबर 42) में उनकी स्वामित्व वाली कृषि भूमि खसरा नंबर 151/1/1 (रकबा 1.05 हेक्टेयर) स्थित है। पीड़ित का आरोप है कि इस निजी भूमि से लगे हुए शासकीय रास्ते (खसरा नंबर 172) को छोड़कर नगर परिषद छपारा द्वारा दुर्भावनापूर्वक और नियमों को ताक पर रखकर उनकी निजी कीमती जमीन पर अवैध रूप से सीसी रोड का निर्माण करा दिया गया।

### मिलीभगत से फर्जी सीमांकन करने के आरोप

आवेदन में उल्लेख किया गया है कि पीड़ित द्वारा अपनी भूमि के सीमांकन के लिए आवेदन दिया गया था। आरोप है कि दिनांक 21/08/2025 और 14/11/2025 को राजस्व टीम के पटवारी बृजेश रजक, संदीप श्रीवास्तव, मुदित कालिश एवं अन्य द्वारा मौके पर जाकर गलत चतुरसीमा बताते हुए एकतरफा फर्जी प्रतिवेदन, पंचनामा और नक्शा तैयार किया गया। पीड़ित ने साफ तौर पर आरोप लगाया है कि दूसरे पक्ष को अनुचित लाभ पहुंचाने और मोटी राशि का लेनदेन कर उसकी निजी भूमि को शासकीय दर्शाने का यह खेल खेला गया।

### दोषियों पर कानूनी कार्रवाई

फर्जी सीमांकन करने वाली पटवारी टीम और अवैध निर्माण कराने वाले नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों/ जनप्रतिनिधियों के विरुद्ध वैधानिक और दंडात्मक कार्रवाई की जाए। अवैध निर्माण को तोड़ना- निजी भूमि पर अवैध रूप से बनाई गई सीसी रोड को तत्काल तोड़कर हटाया जाए और भूमि को पूर्व स्थिति में बहाल कर वास्तविक भू-स्वामी को सौंपी जाए।

इस मामले में पावती और शिकायत पत्र विभिन्न उच्च कार्यालयों में दर्ज हो चुके हैं। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर भ्रष्टाचार और तानाशाही के आरोपों पर क्या निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करता है या पीड़ित किसान को न्याय के लिए न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ेगा।

**रोकने पर थमाया अवैध कब्जे का नोटिस**

पीड़ित अम्बर पाटर का कहना है कि जब उन्होंने नगर परिषद छपारा को अपनी निजी भूमि पर रोड बनाने से रोकने के लिए आवेदन दिया, तो उनकी सुनवाई करने के बजाय उल्टा उन पर दबाव बनाने के लिए तहसीलदार न्यायालय छपारा के माध्यम से अवैध कब्जे का नोटिस जारी करवा दिया गया। इसके बाद प्रशासन ने बलपूर्वक जबरन उनकी निजी जमीन पर सीसी रोड का निर्माण कार्य पूरा करा दिया।

**अध्यक्ष और अधिकारियों के खिलाफ ईओडब्ल्यू में शिकायत**

पीड़ित ने अपनी शिकायत में सीधे तौर पर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती निशा सुरेश पटेल, सीएमओ श्यामगोपाल भारती, सब-इंजीनियर दीपक उइके और वार्ड पार्षद राकेश भारद्वाज पर मिलीभगत और साठगांठ करने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि वास्तविक नक्शे के अनुसार रोड का निर्माण गोविंद नागेन्द्र के घर से बड़े बगीचा शनिश्चरी तक जाना था, जिसके लिए बाकायदा टी.एस. (तकनीकी स्वीकृति) भी जारी हुई थी, लेकिन मौके पर नक्शा बदलकर पीड़ित की भूमि को क्षतिग्रस्त कर दिया गया जिससे उन्हें भारी आर्थिक और मानसिक क्षति हुई है।



# एसपी ने ली बैठक, जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने के निर्देश

बकरीद पर शांति, नशा मुक्ति, क्राइम कंट्रोल व जनसंवाद पर हुई विस्तृत चर्चा

**सिवनी नवभारत।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी (भा.पु.से.) द्वारा 22 मई को पुलिस कंट्रोल रूम सिवनी में जिले के पत्रकारो के साथ परिचयात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी त्यौहारों, कानून-व्यवस्था एवं पुलिस-मीडिया समन्वय पर विस्तार से चर्चा हुई।

मीडिया व पुलिस के बीच सूचनाओं का आदान-प्रदान सहज व त्वरित हो, इस पर जोर दिया गया। पारदर्शिता के साथ तथ्यात्मक जानकारी साझा करने पर सहमति बनी। आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु टोल प्लाजा, फिक्स पॉइंट एवं संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने की जानकारी दी गई। सभी समुदायों से सतत संपर्क एवं पारंपरिक तरीके से कुर्बानी सुनिश्चित करने की अपील की गई।

पुलिस विजिबिलिटी बढ़ाकर अपराधों पर अंकुश लगाने, नशे के प्रचलन वाले पॉकेट्स की पहचान कर ड्रग पेडलर्स पर सोर्स से सप्लाई चेन तक कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। अवैध आहते, शराब, गौमांस परिवहन एवं सोना-जेवरात चोरी पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने की बात कही। पुलिस का आम जनता व मीडिया से सम्मानजनक संवाद व व्यवहार सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए गए। अगले 10 दिनों में जिले के सभी थानों का निरीक्षण कर मीडिया व जनता से इंटरैक्शन किया जाएगा। पुलिस कार्यप्रणाली का डिजिटलाइजेशन एवं विवेचकों को तकनीकी रूप से प्रशिक्षित किया जाएगा।

समर कैंप, मोहल्ला समिति जैसे नवाचारों के माध्यम से सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। सीसीटीवी को क्रियाशील रखने में जनभागीदारी बढ़ाने की अपील की गई।

पत्रकारों द्वारा बल की कमी, लोकायुक्त ट्रैप, थाना प्रभारियों की जवाबदेही सहित विभिन्न मुद्दों पर प्रश्न पूछे गए, जिनका एसपी महोदय द्वारा संतोषजनक उत्तर दिया गया।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा, एसडीओपी सिवनी सचिन परते, कंट्रोल रूम प्रभारी निरीक्षक उमेश्वर ठाकरे सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं जिले के प्रिंट/इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारगण उपस्थित रहे।

# शहंशाह-ए-सिवनी के 50वें सालाना उर्स का आगाज़

**सिवनी नवभारत।** बड़ी ज्यारत उर्स कमेटी के अध्यक्ष हाजी सोहेल पाशा की प्रेस विज्ञप्ति में कमेटी के प्रवक्ता हसीब कुरैशी ने बताया कि शहर की मशहूर और मरकज़ी दरगाह हज़रत मियां मोहम्मद शाह वली रहमतुल्लाह अलैह (बड़ी ज्यारत) के 50वें सालाना उर्स मुबारक का आगाज़ पूरे अदब, एहतराम और शानो-शौकत के साथ हो गया है। उर्स की शुरुआत 21 मई को दरूदखानी और मीलाद शरीफ के आयोजन से हुई, जहां बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने हाजिरी देकर बुजुर्ग-ए-दीन को खिराज-ए-अकीदत पेश किया। दरगाह परिसर में रूहानी माहौल, तिलावत-ए-कुरआन और नात-ओ-मनकबत की सदाओं से फिजाएं मुश्कबार हो उठीं।

उर्स कमेटी के अध्यक्ष हाजी सोहेल पाशा की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में प्रवक्ता हसीब कुरैशी ने बताया कि 22 मई को रात्रि में शमा महफिल का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सूफियाना कलाम और इश्क-ए-रसूल से सराबोर प्रस्तुतियां होंगी। वहीं 23 मई की फजर की नमाज के बाद दरबार पर परचम कुशाई की रस्म अदा की जाएगी। यह रस्म उर्स की सबसे अहम और मुबारक रस्मों में शुमार की जाती है, जिसका इंतजार दूर-दराज से आने वाले जायरीन पूरे साल करते हैं।

### आज होगा कव्वाली का शानदार मुकाबला

उर्स के अवसर पर 23 मई की रात्रि 9 बजे से भव्य कव्वाली महफिल सजाई जाएगी। इस महफिल में कव्वाली जगत के नामचीन और मकबूल फनकार आमिल आरिफ साबरी एवं असद निशाद साबिरी अपने बेहतरीन कलाम और सूफियाना अंदाज से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर करेंगे। देश-विदेश में अपनी गायकी का लोहा मनवा चुके ये दोनों कव्वाल दरगाह की फिजाओं को इश्क, मोहब्बत और सूफियत के रंगों से सराबोर करेंगे। कव्वाली प्रेमियों में इस महफिल को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

# अहंकार मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु : पं. दिनेश मिश्र



**सिवनी/बरघाट नवभारत।** हमें भी श्रीकृष्ण की तरह सत्य को ग्रहण करने वाला सत्संगी बनना चाहिए। भगवान कभी भी किसी के गुण-अवगुण नही देखते हैं। भक्त का कल्याण करते हैं। इसलिए भगवान की भक्ति निष्छल मन से करना चाहिए ।उक्ताशय की बात कथावाचक पं. दिनेश मिश्र ने बरघाट के गांव गोरखपुर (खामी) में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन शुक्रवार को श्रद्धालुजनों से कही। उन्होंने आगे कहा कि बाल्यकाल में भगवान द्वारा की गई लीलाएं केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि जीवन का गूढ़ संदेश देती हैं। मिट्टी खाने की लीला से लेकर गोपियों के साथ प्रेम और इंद्र का मान मर्दन करने तक, हर घटना में भक्तों के लिए सीख छिपी है। इंद्र का अभिमान तोड़ने के लिए भगवान ने गिरिराज की पूजा करायी और यह संदेश दिया कि अहंकार मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। उन्होंने कहा कि जीवन में कभी अभिमान नहीं करना चाहिए, अन्यथा ब्रह्मा जी की तरह कष्ट उठाना पड़ सकता है। उन्होंने भक्ति का महत्व बताते हुए कहा कि चाहे व्यक्ति महलों में रहे या झोपड़ी में, उसके जीवन में भगवान का स्मरण बना रहना चाहिए। कथा के दौरान पूतना वध, मिट्टी खाने पर मैया यशोदा को मुख में ब्रह्मांड दर्शन, माखन चोरी, उखल बंधन, गोवर्धन पूजा एवं छप्पन भोग की झांकियों का सुंदर वर्णन किया गया। पं. श्री मिश्र ने बताया कि कंस ने भगवान कृष्ण का वध कराने के लिए राक्षसी पूतना को भेजा था, लेकिन बाल कृष्ण ने उसका संहार कर उसका भी कल्याण कर दिया।

## एक नजर में

### केवलारी में राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद ब्लॉक इकाई की बैठक आयोजित, कार्यकारणी घोषित

**सिवनी।** गुरुवार की रात्रि 7 बजे करीब नगर केवलारी के पत्रकार भवन में राष्ट्रीय श्रमजीवि पत्रकार परिषद ब्लॉकइकाई केवलारी के बैठक संपन्न हुई ।जिला अध्यक्ष शरद दुबे के मुख्य आतिथ्य एवं जिला इकाई के वरिष्ट पदाधिकारी की उपस्थिति में नगर केवलारी में बैठक का आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी राजदीप रांहगडाले ने जानकारी देते बताया कि बैठक में राष्ट्रीय श्रमजीवि पत्रकार परिषद ब्लॉक इकाई की सदस्यता कार्यक्रम में 15 पत्रकार साथियों ने अन्य संघ की सदस्याता को त्याग कर परिषद की सदस्या ग्रहण की जिला अध्यक्ष शरद दुबे के मार्गदर्शन में ब्लाक इकाई की कार्यकारणी घोषित की गयी है। जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र पटले, उपाध्यक्ष श्रीमति जमुना अहिवार, प्रीतम पाल, सचिव धरमचंद जैन, संगठन मंत्री पवन बघेल, मीडिया प्रभारी राजदीप रांहगडाले कोषाध्यक्ष-प्रवीण दुबे एवं जिला कार्यकारणी समिति में राजू मेहरा, नीलेश अवधिया, अशोक बंदेवार वरिष्ट पत्रकारो को सामिल किया गया ।कार्यक्रम के समापन में केवलारी एसडीएम महेश अग्रवाल ,तहसीलदार शशांक मेश्राम ने पत्रकारों को समाज का आइना बताते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की साथ ही पत्रकारों के साथ भोजन किया ।इस अवसर पर बड़ी संख्या में पत्रकारों ने साथियो की सहभागीता एवं सहयोग रहा।

### एसपी ने ली पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड की सलामी



**सिवनी।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी (भा.पु.से.) की उपस्थिति में 22 मई को पुलिस लाइन सिवनी में साप्ताहिक जनरल परेड का आयोजन किया गया। परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक प्रवीण नायडू द्वारा पुलिस अधीक्षक को परेड की सलामी दी गई। एसपी द्वारा परेड का निरीक्षण कर पुलिस बल का टर्नआउट चेक किया गया। तत्पश्चात जवानों द्वारा सशस्त्र ड्रिल मार्च किया गया, जिसमें अनुशासन व एकरूपता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। एसपी सिवनी द्वारा उत्कृष्ट टर्नआउट एवं अनुशासन प्रदर्शित करने वाले पुलिसकर्मियों को नगद पुरस्कार से सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। परेड में थाना प्रभारी लखनवाड़ा निरीक्षक चंद्र किशोर सिरामे, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सतीश तिवारी, थाना प्रभारी डूंडा सिवनी निरीक्षक चैन सिंह उईके, थाना प्रभारी महिला थाना निरीक्षक श्रीमती संदीपिका ठाकुर, थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक विजय बघेल, सूबेदार गौरव सिंह मर्सकोले, सूबेदार जितेंद्र रावतकर सहित कुल 124 पुलिस अधिकारी/कर्मचारी सम्मिलित रहे।

# गर्मी की तपिश, लू के चलते स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी



**छपारा नवभारत।** वर्तमान समय में पड़ रही भीषण गर्मी और लू लपट से जनजीवन प्रभावित है,दोपहर के समय में बाजार में सन्नाटा पसरा हुआ है, वहीं अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ रही हैं। ज्ञात हो कि छपारा नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में मई माह के दौरान पड़ रही भीषण गर्मी ने लोगों का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। लगातार बढ़ते तापमान के बीच नगर का तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। आलम यह है कि सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं का असर देखने को मिल रहा हैं, जबकि दोपहर होते-होते सड़कें और बाजार लगभग सूने नजर आने लगते है। नगर के मुख्य बाजार, बस स्टैंड, चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर सामान्य दिनों की तुलना में काफी कम आवाजाही देखने को मिल रही है। भीषण गर्मी और बदलते मौसम का असर लोगों की सेहत पर भी साफ दिखाई दे रहा है। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित निजी अस्पतालों और क्लीनिकों में मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। अस्पतालों में उल्टी-दस्त, डिहाइड्रेशन, वायरल फीवर, सिर दर्द, चक्कर और कमजोरी जैसी समस्याओं से पीड़ित मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं।

# एनसीसी वार्षिक प्रशिक्षण कैंप आयोजित, प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा का किया आव्हान



**सिवनी नवभारत।** 24 एमपी बटालियन के कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल अमनप्रीत सिंह के नेतृत्व एवं निर्देशन में एनसीसी का वार्षिक प्रशिक्षण कैंप छिंदवाड़ा के कन्या शिक्षा परिसर में आयोजित किया जा रहा है। इस कैंप में छिंदवाड़ा, सिवनी एवं पांढुर्णा जिले के लगभग 600 कैडेट्स प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

पीजी कॉलेज सिवनी से सीनियर अंडर ऑफिसर शिवानी कुमरे के नेतृत्व में 8 कैडेट्स का दल छिंदवाड़ा कैंप में सहभागिता कर रहा है। महाविद्यालय की एनसीसी इकाई के अधिकारी लेफ्टिनेंट पवन कुमार वासनिक भी विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

कैंप में कैडेट्स के लिए विभिन्न जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। विशेष रूप से एसडीईआरएफ द्वारा आपदा प्रबंधन एवं आपदा के समय एनसीसी कैडेट्स की भूमिका के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। कैडेट्स को पानी में डूब रहे लोगों को बचाने के उपाय, देसी संसाधनों से बचाव उपकरण तैयार करना तथा आग बुझाने के विभिन्न तरीकों एवं उपकरणों का प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।

वन संरक्षण विषय पर फारेस्ट ऑफिसर श्री परिहार द्वारा विद्यार्थियों को वनों एवं वन्य जीवन के महत्व के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि वन, वन्य जीव एवं वन संपदा मानव जीवन तथा पर्यावरण के लिए अमूल्य धरोहर हैं। वनों से हमें शुद्ध वायु, औषधियाँ, जल संरक्षण एवं प्राकृतिक संतुलन प्राप्त होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से वृक्षारोपण एवं प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा हेतु सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

सेना के प्रमुख प्रशिक्षणों में शामिल फायरिंग प्रशिक्षण में भी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सेना के जवानों ने कैडेट्स को फायरिंग की तकनीक, सुरक्षा नियमों एवं सटीक निशाना लगाने के महत्व की जानकारी दी। जवानों ने बताया कि फायरिंग का मूल सिद्धांत है एक गोली, एक दुश्मन अर्थात प्रत्येक निशाना पूरी एकाग्रता एवं सटीकता के साथ लगाया जाना चाहिए। इस प्रशिक्षण से कैडेट्स में अनुशासन, आत्मविश्वास एवं राष्ट्रसेवा की भावना का विकास हुआ।

## बकरीद पर्व को लेकर उगली पुलिस सतर्क, नये थाना प्रभारी हुए क्षेत्रीय लोगों से रूबरू



**उगली नवभारत।** बकरीद को लेकर नायब तहसीलदार सुश्री दीक्षा वासनिक एवं पुलिस थाना उगली के नये थाना प्रभारी डी.आर.शरणागत उगली के द्वारा में ग्रामीणों के बीच पहुंचकर जन मानष से रूबरू हुए, गत दिवस ग्राम पां.छपारा में हिंदू एवं मुस्लिम समुदाय की शांति समिति की बैठक ग्राम पंचायत भवन पां. छपारा में थाना प्रभारी द्वारा आगामी ईद त्यौहार शांतिपूर्ण बनाने की अपील की गई,नये थाना प्रभारी के रूप में दयाराम शर्णागत ने पुलिस थाना उगली की कमान विगत महीने में संभाली है।

जिले के नए पुलिस कप्तान के दिशा निर्देश का पालन करते हुए शांति समिति सुरक्षा की बैठक को लेकर जनमानस से रूबरू होने का कार्य थाना प्रभारी के द्वारा किया जा रहा है।

# ग्राम बहनाटोला में शांति समिति की बैठक आयोजित



**सिवनी नवभारत।** बहनाटोला में केवलारी थाना द्वारा शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक एसडीओपी आशीष भराड़े के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी प्रीतम सिंह तिलगाम के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामवासी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों से क्षेत्र में शांति व्यवस्था एवं लॉ एंड ऑर्डर बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि समाज में आपसी भाईचारा, सौहार्द एवं कानून का पालन बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। किसी भी प्रकार की अफवाह, विवाद अथवा असामाजिक गतिविधियों की जानकारी तत्काल पुलिस को देने का आग्रह भी किया गया।

पुलिस प्रशासन द्वारा ग्रामीणों को साइबर अपराध, चोरी, अवैध गतिविधियों एवं नशे से संबंधित अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ते अपराधों को रोकने के लिए सतर्क रहने एवं संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना पुलिस तक पहुंचाने की सलाह दी गई। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस एवं जनता के बीच बेहतर समन्वय से ही अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने भी क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं एवं सुरक्षा संबंधी मुद्दों को पुलिस प्रशासन के समक्ष रखा, जिनके निराकरण का आश्वासन अधिकारियों द्वारा दिया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी ग्रामवासियों ने क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने में सहयोग देने का संकल्प लिया।

**कार्यालय / न्यायालय नायब तहसीलदार सिवनी भाग एक तहसील व जिला सिवनी**

क्र/108/री.ना.तह. सि.-1 / 2026 **ईश्तहार** सिवनी, दिनॉक-22/05/2026

प्रकरण क्रं./0001/ड-154/2025-26 ग्राम कोहका प.ह.नं. 119 रा.नि.मं. सिवनी भाग एक तहसील व जिला सिवनी

सर्वसाधारण को इस सूचना पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आवेदक टेकराम सनोडिया पिता तुलसीराम सनोडिया निवासी कोहका थाना लखनवाडा तहसील व जिला सिवनी के द्वारा अपने बडे पापा सालिगराम पिता स्व. फत्तू सनोडिया निवासी कोहका की मृत्यु दिनांक 23.03.1980 को स्वयं के गृह निवास स्थान कोहका में मृत्यु होने का मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: उपरोक्त संबध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक टेकराम सनोडिया पिता तुलसीराम सनोडिया निवासी कोहका थाना लखनवाडा तहसील व जिला सिवनी के द्वारा अपने बडे पापा सालिगराम पिता स्व. फत्तू सनोडिया निवासी कोहका की मृत्यु दिनांक 23.03.1980 प्रदाय किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति नियत 25/05/2026 तक इस न्यायालय में मेरे समक्ष ठीक 11:00 बजे न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकता है। काल अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा और प्रकरण में निममानुसार कार्यवाही कर दी जायेगी।

जारी दिनांक 20/05/2026
पेशी दिनांक 25/05/2026
सील
**नायब तहसीलदार**
**सिवनी वृत्त एक**

दबंगई
यात्री प्रतीक्षालय के सामने लस्सी वाले का अतिक्रमण, नए बस स्टैंड की उठ रही मांग

# छपारा बस स्टैंड में यात्रियों को परेशानी, सिर छुपाने तक की नहीं बची जगह





**छपारा नवभारत।** वर्तमान समय की भीषण गर्मी में नगर के बस स्टैंड की बदहाल व्यवस्था के कारण यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के इस मौसम में बस का इंतजार करने वाले मुसाफिरों के लिए सिर छुपाने तक की पर्याप्त व्यवस्था नहीं बची है। स्थिति यह है कि यात्री प्रतीक्षालय के सामने ही कथित रूप से अतिक्रमण कर लस्सी की दुकान संचालित की जा रही है, जिससे यात्रियों को बैठने और आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि लगभग तीस से पैंतीस वर्ष पूर्व बस स्टैंड का उक्त स्थान पर स्थानांतरण किया गया था उस समय छपारा ग्रामीण परिवेश लिया हुआ था उस समय समिति बसों का संचालन होता था किंतु वर्तमान स्थिति में हर आधे घंटे में यात्री बसों का आवागमन होता है, वहीं बस स्टैंड क्षेत्र में जगह की कमी के कारण यात्रियों के साथ-साथ वाहन चालकों को भी भारी परेशानी होती है। बसों और अन्य वाहनों के खड़े होने की समुचित व्यवस्था नहीं होने से अक्सर यातायात के लिए अव्यवस्था की स्थिति बनी रहती है।

साथ ही इस भीषण गर्मी के बीच यात्रियों को बस स्टैंड में छाया नहीं मिल रही है, जिसके चलते कई लोग आसपास की दुकानों की छतों और शेड के नीचे खड़े होकर बसों का इंतजार करने को मजबूर हैं। वहीं बस स्टैंड के आसपास न तो पर्याप्त शौचालय सुविधा उपलब्ध है और न ही पीने के पानी की समुचित व्यवस्था, जिससे यात्रियों की मुश्किलें दिनों दिन बढ़ रही हैं। इन सभी समस्याओं को देखते हुए अब स्थानीय नागरिकों द्वारा बस स्टैंड को तहसील कार्यालय के समीप स्थित सिंचाई कॉलोनी की भूमि पर स्थानांतरित करने की मांग उठने लगी है। लोगों का मानना है कि वहां पर्याप्त भूमि उपलब्ध है, जहां आधुनिक सुविधाओं से युक्त नया बस स्टैंड विकसित किया जा सकता है। जिससे यातायात में सुगमता आयेगी। स्थानीय जागरूक नागरिकों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से बस स्टैंड की समस्याओं पर ध्यान देते हुए यात्रियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा स्थायी समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।